रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-जी.जे.-अ.-06102021-230186
CG-GJ-E-06102021-230186

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग III—खण्ड 4
PART III—Section 4

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 434] नई दिल्ली, मंगलवार, अक्तूबर 5, 2021/आश्विन 13, 1943
No. 434] NEW DELHI, TUESDAY, OCTOBER 5, 2021/ASVINA 13, 1943

राष्ट्रीय न्यायालयिक विज्ञान विश्वविद्यालय

(गांधीनगर, गुजरात)

अधिसूचना

गांधीनगर, 1 अक्तूबर, 2021

फा. सं. एन.एफ.एस.यू./ए.डी.एम./21.—शासी बोर्ड, केन्द्रीय सरकार के पूर्व अनुमोदन से, राष्ट्रीय न्यायालिक विज्ञान विश्वविद्यालय अधिनियम, 2020 की धारा 41 की उप-धारा (1) के साथ पठित धारा 40 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, निम्नलिखित प्रथम परिनियम बनाता है, अर्थात् :-

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारंभ -** (1) इन परिनियमों का संक्षिप्त नाम प्रथम राष्ट्रीय न्यायालयिक विज्ञान विश्वविद्यालय, परिनियम, 2021 है।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. **परिभाषाएं -** (1) इन प्रथम परिनियमों में, जब तक संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,-

(क) "अधिनियम" से समय-समय पर यथा संशोधित राष्ट्रीय न्यायालयिक विज्ञान विश्वविद्यालय अधिनियम, 2020 अभिप्रेत है ;

(ख) "प्राधिकरण" से अधिनियम की धारा 20 में यथा विनिर्दिष्ट विश्वविद्यालय के प्राधिकरण अभिप्रेत हैं ;

(ग) "बोर्ड" से विश्वविद्यालय का शासी बोर्ड अभिप्रेत है ;

(घ) "कैंपस" से विश्वविद्यालय का कैंपस अभिप्रेत है ;

(ड.) "कैंपस निदेशक" से विश्वविद्यालय का कैंपस निदेशक अभिप्रेत है ;

(च) "केन्द्रीय सरकार" से भारत सरकार अभिप्रेत है ;

(छ) "संकायाध्यक्ष" से विश्वविद्यालय के संबंधित विद्यालय का संकायाध्यक्ष अभिप्रेत है ;

(ज) "विभाग", "विद्यालय" और "केन्द्र" से विश्वविद्यालय द्वारा समय-समय पर स्थापित विभाग, विद्यालय और "केन्द्र" क्रमश: अभिप्रेत है ;

(झ) "कार्य-पालक कुलसचिव" से विश्वविद्यालय का कार्य-पालक अभिप्रेत है ;

(ञ) "संकाय", से आचार्य, सह आचार्य और सहायक आचार्य (नियमित और संविदा) अभिप्रेत है ;

(ट) "वित्त समिति" से विश्वविद्यालय की वित्त समिति अभिप्रेत है ;

(ठ) "अध्यक्ष" से यथास्थिति, विभाग, विद्यालय, केन्द्र, प्रभाग या ऐसी अन्य यूनिट का अध्यक्ष अभिप्रेत है ;

(ड) "अधिकारी" से विश्वविद्यालय के अधिकारी अभिप्रेत हैं ;

(ढ) "अध्यादेश" से विश्वविद्यालय के ऐसे अध्यादेश अभिप्रेत हैं जो इस अधिनियम की धारा 42 के अधीन समय-समय पर बनाएं जाएं ;

(ण) "नियम" से बोर्ड द्वारा बनाए गए नियम अभिप्रेत हैं ;

(त) "छात्र" से अधिकथित प्रक्रिया के माध्यम से विश्वविद्यालय के विहित अध्ययन पाठ्यक्रम में अभ्यावेशित छात्र अभिप्रेत है और जिसका नाम विश्वविद्यालय की नामावली में है ;

(थ) "अनुसूची" से इन परिनियमों से उपाबद्ध अनुसूची अभिप्रेत है ;

(द) "विश्वविद्यालय" से राष्ट्रीय न्यायालयिक विज्ञान विश्वविद्यालय, गांधीनगर अभिप्रेत है ;

(ध) "वार्डन" से विश्वविद्यालय के छात्रावास का वार्डन अभिप्रेत है ;

(न) उन शब्दों और पदों के जो इन परिनियमों में प्रयुक्त हैं और परिभाषित नहीं हैं किन्तु अधिनियम में परिभाषित हैं के क्रमश: वहीं अर्थ होंगे जो अधिनियम में उनके हैं ।

3. कुलाधिपति - (1) कुलाधिपति की नियुक्ति केन्द्रीय सरकार द्वारा देश के न्यायालयिक विज्ञान, शैक्षणिक या लोक जीवन के क्षेत्र में ख्याति प्राप्त व्यक्तियों में सचिव, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा सिफारिश किए गए कम से कम तीन व्यक्तियों के पेनल से की जाएगी ।

(2) अधिनियम की धारा 13(3) के अनुसार, नियुक्त व्यक्ति/व्यक्तियों से प्राप्त किसी रिपोर्ट की प्राप्ति पर, ऐसी रिपोर्ट के संबंध में ऐसे निदेश जारी कर सकेगा जो वह आवश्यक समझता है ।

(3) कुलाधिपति तीन वर्ष की अवधि के लिए पद धारण करेगा और पुन:नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा :

परंतु उसकी पदावधि के समाप्त हो जाने पर भी, पदधारी कुलाधिपति तब तक पद धारण करता रहेगा जब तक उसका उत्तरवर्ती अपना पद ग्रहण नहीं कर लेता है ।

4. सभा –

(1) सभा के सदस्यों की पदावधि तीन वर्ष होगी ।

(2) सभा का वार्षिक अधिवेशन शासी बोर्ड के अनुरोध पर आयोजित होगा, किन्तु जो किसी वित्तीय वर्ष में 30 सितम्बर से बाद का न हो :

परंतु, यदि सभा का अधिवेशन नियत समयावधि के अन्दर किसी कारणवश आयोजित नहीं किया जाता है जिससे उपरोक्त समय सीमा को पूरा किया जा सके तो उन परिस्थितियों में धारा 16(2)(vi) की बाबत शासी बोर्ड का संकल्प गृह मंत्रालय को अग्रेषित किया जाएगा ।

(3) सभा के वार्षिक अधिवेशन में, पूर्व वर्ष के दौरान विश्वविद्यालय के कार्यकरण पर रिपोर्ट, आमदनी और व्यय के विवरण, यथा-संपरीक्षित तुलन-पत्र और आगामी वर्ष के लिए वित्तीय प्राक्कलनों के साथ प्रस्तुत की जाएगी ।

(4) अधिनियम की धारा 14 की उपधारा (5) के खंड (ख) में निर्दिष्ट आमदनी तथा व्यय के विवरण, तुलन पत्र और वित्तीय प्राक्कलनों की एक प्रति वार्षिक अधिवेशन की तारीख से कम से कम सात दिन पहले प्रत्येक सदस्य को भेजी जाएगी ।

(5) सभा का विशेष अधिवेशन शासी बोर्ड या कुलपति के अनुरोध पर आयोजित होगा या यदि कोई कुलपति नहीं है तो कार्यवाहक/भारसाधक कुलपति या वरिष्ठत्म कैंपस निदेशक द्वारा अनुरोध पर किया जा सकेगा ।

(6) सभा के लिए न्यूनतम चार सदस्य सभा के अधिवेशन के लिए कोरम बनाएंगे।

(7) कार्यपालक कुलसचिव, सभा की बैठकों को बुलाने में प्रशासनिक सहायता प्रदान करेगा ।

5. शासी बोर्ड की शक्तियां और कृत्य - (1) अधिनियम के उपबंधों के अधीन रहते हुए, शासी बोर्ड:-

(क) समय-समय पर यथा-संशोधित केन्द्रीय सरकार के संनियमों के अनुसार अधिकारियों, अध्यापकों और अन्य कर्मचारिवृंद के लिए पेंशन, भविष्य निधि और चिकित्सीय फायदों, बीमा, छुटटी यात्रा रियायत, छुट्टी नियमों तथा अन्य नियोजन फायदों के लिए और यदि अपेक्षित हो, राष्ट्रीय महत्व की अन्य संस्थाओं के समान उपबंध अधिकथित कर सकेगा ;

(ख) भारत में और विदेश में कैंपसों तथा केन्द्रों की स्थापना कर सकेगा ;

(ग) विद्यालयों, विभागों तथा केन्द्रों की स्थापना कर सकेगा ;

(घ) विश्वविद्यालयों की सभी उपाधियों, डिप्लोमाओं और प्रमाण-पत्रों के लिए अध्ययन पाठ्यक्रम अधिकथित कर सकेगा ;

(ड.) शैक्षिक पुरस्कारों जैसे डिग्रियों, डिप्लोमाओं तथा विद्या संबंधी विशेष उपाधियों को प्रदान कर सकेगा ;

(च) अध्येतावृतियॉं, छात्रवृतियॉं, अध्ययनवृतियॉं, पदक, पुरस्कार और उनकी शर्तों का आदेश प्रदान कर सकेगा ;

(छ) विभिन्न विद्यालयों, विभागों और केन्द्रों में शैक्षणिक कर्मचारिवृंद की संयुक्त नियुक्तियॉं करके अन्तर अनुशासनिक अनुसंधान का संवर्धन कर सकेगा ;

(ज) विश्वविद्यालय के अध्ययन पाठयक्रमों के लिए और परीक्षा, डिग्रियों, डिप्लोमाओं तथा प्रमाणपत्रों के लिए ली जाने वाली फीस की सरंचना अवधारित कर सकेगा ;

(झ) विश्वविद्यालय की ओर से किसी चल या अचल संपत्ति का अंतरण कर सकेगा या उनके अंतरणों को स्वीकार कर सकेगा ;

(ञ) विश्वविद्यालय का कार्य करने के लिए आवश्यक भवनों, परिसरों, फर्नीचरों उपस्करों तथा अन्य साधनों का उपबंध कर सकेगा ;

(ट) विश्वविद्यालय की ओर से संविदाओं में फेरबदल कर सकेगा, उन्हें कार्यान्वित और रद्द कर सकेगा ;

(ठ) विश्वविद्यालय के ऐसे कर्मचारियेां तथा छात्रों की जो किसी कारणवश व्यथित महसूस करें, किसी भी शिकायत को ग्रहण कर सकेगा, उस पर न्यायनिर्णयन कर सकेगा और यदि ठीक समझें तो उसका निवारण कर सकेगा ;

(ड) विश्वविद्यालय के लिए एक सामान्य मुद्रा (सील) का चयन कर सकेगा और ऐसी मुद्रा तथा उसके प्रयोग का उपबंध कर सकेगा ;

(ढ) अभ्यागत आचार्यों, प्रख्यात आचार्यों, पीठों और परामर्शदाताओं की नियुक्ति कर सकेगा तथा ऐसी नियुक्तियों के निबंधन तथा शर्तें अवधारित कर सकेगा ;

(ण) ज्ञान के अभिवर्धन के लिए उद्योग और गैर-सरकारी अभिकरणों के साथ भागीदारी कर सकेगा और ऐसी भागीदारी से प्राप्त लाभों से समग्र-निधियॉं स्थापित कर सकेगा ;

(त) कुलपति को शक्तियां प्रत्यायोजित कर सकेगा जिनमें निम्नलिखित शक्तियॉं भी सम्मिलित हैं :-

(i) विभिन्न पदों को सृजित करना और अपेक्षानुसार ऐसे पदों पर नियुक्ति करना ।

(ii) कैंपस निदेशक, आचार्य, सह-आचार्य, सहायक आचार्य और अन्य शैक्षणिक तथा गैर-शैक्षणिक कर्मचारिवृंद, जो आवश्यक हो, की नियुक्ति, इस प्रयोजन के लिए गठित चयन समिति की सिफारिश के आधार पर करना और स्थायी तथा संविदात्मक रिक्तियों को भरना ।

(iii) महाविद्यालयों/संस्थाओं को सहबद्ध करना और प्रशिक्षण केन्द्रों को मान्यता प्रदान करना ।

(थ) कैंपस निदेशक, संकायाध्यक्ष, कार्यपालक कुलसचिव या वित्त अधिकारी या विश्वविद्यालय के या उसके द्वारा नियुक्त समिति में ऐसे अन्य सक्षम कर्मचारी या प्राधिकारी को कोई भी शक्तियाँ प्रत्यायोजित कर सकेगा ;

(द) अधिकारी या प्राधिकारी या ऐसी समिति द्वारा, प्रत्यायोजित शक्तियों का प्रयोग करते हुए किए गए विनिश्चय (निर्णय), अनुसमर्थन/जानकारी के लिए शासी बोर्ड के समक्ष रखे जांएगे ।

(2) ऐसे सभी अन्य विषय, जिनका उपबंध विनियमों द्वारा किया जाए किन्तु ऐसा कोई विनियम नहीं बनाया जाएगा जो निवास, स्वास्थ्य, अनुशासन, प्रवेश, छात्रों के नामांकनों, नियुक्तियों का ढंग, परीक्षकों के कर्त्तव्यों, परीक्षाओं के संचालन तथा उनके मानकों या किसी अध्ययन पाठ्यक्रम की शर्त को विद्या परिषद से परामर्श किए बिना प्रभावित करता है ।

6. अकादमिक परिषद- (क) अकादमिक परिषद किसी कैलेंडर वर्ष के दौरान कम से कम दो बार बैठक करेगी ।

(ख) अकादमिक परिषद की बैठकें सामान्यत: अध्यक्ष द्वारा उसकी स्वप्रेरणा से या विद्या परिषद के कम से कम एक तिहाई सदस्यों द्वारा हस्ताक्षरित किसी अध्यपेक्षा पर बुलाई जाएंगी ।

(ग) अकादमिक परिषद की बैठक की अध्यक्षता सामान्यत: कुलपति द्वारा की जाएगी । उसकी अनुपस्थिति में, विश्वविद्यालय मुख्यालय का कैंपस निदेशक उसकी अध्यक्षता करेगा ।

(घ) बैठक में आधे से अधिक सदस्यों,चाहे व्यक्तिगत रूप या आभासी रूप से, की उपस्थिति बैठक का कोरम गठित करेगी ।

(ड.) ऐसे सभी विषयों पर, जिन पर अकादमिक परिषद की बैठकों में विचार किया गया है, उपस्थित सदस्यों, जिनमें अध्यक्ष भी है, बहुमत द्वारा विनिश्चय किया जाएगा । मतों के बराबर-बराबर विभाजित होने की दशा में अध्यक्ष का निणार्यक मत होगा ।

(च) बैठक की लिखित सूचना, प्रत्येक सदस्य को बैठक की तारीख से कम से कम पंद्रह कार्य दिवस पूर्व कार्यपालक कुलसचिव द्वारा भेजी जाएगी । सूचना में बैठक का स्थान, तारीख और समय का उल्लेख होगा । सूचना विश्वविद्यालय में यथा अभिलिखित प्रत्येक सदस्य के पते पर डाक, इलेक्ट्रानिक मेल या फैक्स द्वारा परिदत्त की जाएगी और यदि वह इस प्रकार भेजी गई है तो परिदत्त की हुई समझी जाएगी :

परंतु आपात की दशा में, बैठक की सूचना का समय 72 घंटे होगा ।

(छ) उप नियम (च) के उपबंधों के होते हुए भी, अध्यक्ष, अत्यावश्यक विषयों पर विचार करने के लिए अल्पकालिक सूचना पर विद्या परिषद की बैठक बुला सकेगा ।

(ज) बैठक की कार्य सूची, बैठक से कम से कम सात कार्य दिवस पूर्व कार्यपालक कुलसचिव द्वारा सदस्यों को परिचालित की जाएगी :

परंतु किसी आपात की दशा में, ऐसी मद पर, जिसे कार्यसूची में शामिल नहीं किया है, बैठक में अध्यक्ष के अनुमोदन से विचार किया जा सकेगा ।

(झ) कार्यसूची पर किसी मद के समावेशन के लिए सूचनाएँ बैठक के कम से कम दस कार्य दिवस पूर्व कार्यपालक कुलसचिव के पास पहुंच जानी चाहिए । अध्यक्ष ऐसी किसी मद को सम्मिलित करने के लिए अनुज्ञा दे सकेगा जिसके लिए सम्यक सूचना प्राप्त नहीं हुई है ।

(ञ) प्रक्रिया से संबंधित सभी विषयों के बारे में अध्यक्ष का विनिर्णय अंतिम होगा ।

(ट) कार्यपालक कुलसचिव, अध्यक्ष के समक्ष कार्यवृत्त को उसके द्वारा अनुमोदन किए जाने के लिए प्रारूप कार्यवृत्त प्रस्तुत करेगा ।

(ठ) अकादमिक परिषद की बैठक की कार्यवाहियों का कार्यवृत्त कार्यपालक कुलसचिव द्वारा तैयार किया जाएगा और विद्या परिषद के सभी सदस्यों को परिचालित किया जाएगा । संशोधनों, यदि कोई सुझाव दिया गया हो, सहित कार्यवृत्त विद्या परिषद की अगली बैठक में पुष्टि के लिए रखा जाएगा । कार्यवृत्त के पुष्ट किए जाने के पश्चात् कार्यवृत्त अध्यक्ष द्वारा हस्ताक्षरित किया जाएगा ।

(ड.) आपाती मामलों में, कुलपति विद्या परिषद की शक्तियेां का प्रयोग कर सकेगा और विद्या परिषद की अगली बैठक में लिए गए निर्णयों की रिपोर्ट कर सकेगा ।

(ढ) किसी आपात स्थिति में, जहां कार्रवाई तत्काल आधार पर की जानी है और जहां संबंधित प्राधिकारी, संकाय, बोर्ड, परिषद,समिति का अनुमोदन अपेक्षित हो, वहां संकल्प के रूप में प्रस्तावित विनिश्चय संबंधित निकाय के सभी सदस्यों को परिचालित किया जाएगा तथा सभी सदस्यों के हस्ताक्षर होने पर, संकल्प तुरंत कार्यान्वित किया जाएगा ।

7. अकादमिक परिषद की शक्तियाँ और कर्तव्य - (1) अधिनियम के उपबंधों के अधीन रहते हुए, अकादमिक परिषद को निम्नलिखित शक्तियाँ प्राप्त होंगी :-

(क) विश्वविद्यालय के सभी शैक्षणिक कार्यकलापों के अभिरक्षक के रूप में, विद्या परिषद शैक्षणिक कार्यकर्मों तथा पाठयक्रमों को स्वीकृत करने, उनकी अन्तर्वस्तु का तथा उसके किसी परिवर्तन को अनुमोदित करने और उसके संचालन का पर्यवेक्षण करने के लिए सशक्त है ।

(ख) यह शैक्षणिक उपाधियों तथा सम्मानों को प्रदान करने के लिए मानदंड तय करेगी और प्रत्येक व्यष्टिक पुरस्कार का अनुमोदन करेगी ।

(ग) यह छात्र कार्यक्रम के पर्यवसान के लिए मानदंड तय करेगी तथा सम्यक विचार विमर्श के साथ प्रत्येक पर्यवसान का अनुमोदन करेगी ।

(घ) अपने कर्तव्यों के पालन में, अकादमिक परिषद स्थायी और अन्य उप समितियॉं गठित करने, उनके सदस्यों की नियुक्ति करने और उनकी ऐसी शक्तियाँ जो कुल मिलाकर विद्या परिषद की शक्तियेां के समान न होंगी या उनसे अधिक नहीं होंगी,तय करने के लिए सशक्त है ।

(ड.) अकादमिक परिषद, विद्या संबंधी विषयों में त्वरित निर्णय लिए जाने को सुकर बनाने के लिए अध्यक्ष में शक्तियां निहित कर सकेगी। तथापि, उप-समितियेां के तथा अध्यक्ष और कृत्यकारियों के सभी विद्या संबंधी विनिश्चय पुष्टि के लिए विद्या परिषद को रिपोर्ट किए जांएगे ।

(ञ) शैक्षणिक कार्यक्रमों और पाठयक्रमों में अन्तर्ग्रहण, छात्रों के चयन के लिए प्रवेश के मानदंड तथा उनकी प्रगति तथा समापन संबंधी आवधिक जानकारी से संबंधित सभी शैक्षणिक विषयों की विद्या परिषद को उसकी जानकारी और अनुमोदन के लिए इसी प्रकार रिपोर्ट की जाएगी ।

(छ) अकादमिक परिषद शैक्षणिक पाठयक्रमों अंतर्ग्रहण पाठयविवरण आदि में परिवर्तनों का अनुमोदन करेगी ।

(ज) अकादमिक परिषद महाविद्यालयों/संस्थानों अनुसंधान केन्द्रों की सहबद्धता और मान्यता बोर्ड की सिफारिशों पर विचार करेगी।

(झ) नए शैक्षणिक विभागों, विद्यालयों तथा केन्द्रों का सृजन या उनका उत्सादन या ऐसे अस्तित्वों, जो पहले से ही अस्तित्व में विद्यमान हैं, के प्रोफाइल में किसी महत्वपूर्ण परिवर्तन की सिफारिश विद्या परिषद द्वारा बोर्ड को की जाएगी ।

(ञ) ऐसी नीति और अवसंरचनात्मक पहलें जिनका विश्वविद्यालय के अनुसंधान तथा विद्या संबंधी प्रोफाइल पर प्रभाव पड़ता है, इसकी टीका टिप्पणियों और सलाह के लिए नियमित आधार पर विद्या परिषद को प्रस्तुत की जाएंगी जो गैर-आबद्धकर होंगी किंतु बोर्ड को संसूचित की जानी चाहिएं ।

(ट) अकादमिक परिषद को ऐसे व्यक्ति/व्यक्तियों को आमंत्रित करने की शक्तियां प्राप्त होंगी जिन्हें विद्या परिषद की बैठक में उपस्थित होने के लिए ठीक समझा जाए ।

8. कुलपति - (1) कुलपति की नियुक्ति :-

(क) विश्वविद्यालय के कुलपति की नियुक्ति प्रक्रिया वर्तमान पदधारी के कार्यकाल के पूरा होने के कम से कम छह माह पहले आंरभ होगी और वर्तमान पदधारी के कार्यकाल के पूरा होने से तीस दिन पहले पूरी की जाएगी ।

(ख) एक खोज–सह-चयन समिति होगी जिसका गठन उपस्थित तथा मतदान करने वाले सदस्यों के बहुमत निर्णय द्वारा केन्द्रीय सरकार द्वारा किया जाएगा जो शिक्षाविद, वैज्ञानिकों, प्रशासकों, न्यायपालिका,प्रौद्योगिकीविदों में से चयन किए गए पांच सुविख्यात व्यक्तियेां से मिलकर बनेगी और खोज-सह-चयन समिति के लिए गणपूर्ति समिति के सदस्यों का दो तिहाई होगी ।

(ग) अधिनियम में अधिकथित अर्हताओं के अलावा,केवल ऐसे व्यक्तियों जिन्होंने नियुक्ति की तारीख को सत्तर वर्ष की आयु पूरी नहीं की है, में हितों का विरोध नहीं होगा और जिन्होंने दो पदावधियां पूरी नहीं की हैं,पर भी कुलपति की नियुक्ति के लिए विचार किया जाएगा ।

(घ) खोज-सह-चयन समिति ऐसे तीन नाम जो अधिनियम की धारा 21 की उपधारा (2) के खंड (i) और खंड (ii) में दी गई अर्हताएं रखते हैं, गृह सचिव, गृह मंत्रालय, भारत सरकार को प्रस्तुत करेगी । कुलपति की नियुक्ति अधिनियम में यथा उल्लिखित केन्द्रीय सरकार द्वारा की जाएगी ।

(2) कुलपति का हटाया जाना :-

(क) अधिनियम की धारा 21(3) में किसी बात के होते हुए भी, गृह मंत्रालय,भारत सरकार, कुलपति द्वारा अपना पद ग्रहण करने के पश्चात् किसी भी समय लिखित में आदेश द्वारा अक्षमता, अवचार या कानूनी उपबंधों के उल्लंधन के आधार पर कुलपति को पद से हटा सकेगी :

परंतु ऐसा कोई आदेश गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा तब तक नहीं किया जाएगा जब तक कुलपति को उसके विरूद्ध किए जाने वाली प्रस्तावित कार्रवाई के संबंध में अपना कारण बताने का युक्ति युक्त अवसर प्रदान न कर दिया गया हो:

परंतु यह और कि गृह मंत्रालय भारत सरकार ऐसा आदेश करने से पूर्व भी कुलपति से परामर्श करेगा :

परंतु यह भी कि गृह मंत्रालय, भारत सरकार या कुलाधिपति ऐसा आदेश करने से पूर्व किसी भी समय कुलपति को, जांच लंबित रहने तक निलंबित कर सकेगा ।

(ख) उस दशा में,यदि कुलपति एक मास से अधिक की अवधि के लिए छुट्टी पर है या विदेश यात्रा पर है, तो कुलपति द्वारा नामनिर्देशित विश्वविद्यालय का ज्येष्ठतम कैंपस निदेशक या ज्येष्ठतम संकायाध्यक्ष/आचार्य उक्त अवधि के दौरान कुलपति के रूप में कार्य करेगा ।

(ग) कुलपति, बोर्ड को तीन मास की सूचना देकर अपने पद का त्याग कर सकेगा जो गृह मंत्रालय, भारत सरकार को सिफारिश के साथ अग्रेषित किया जाएगा और यदि तीन मास की अवधि के भीतर कोई विनिश्चय नहीं किया जाता है तो वह स्वीकार कर लिया गया समझा जाएगा और कुलपति सूचना अवधि की समाप्ति पर कार्यभार मुक्त हो जाएगा । यदि इस विषय पर कोई विनिश्चय नहीं किया गया है तो कुलपति सूचना अवधि के किसी भी समय अपना त्याग पत्र वापस ले सकेगा :

परंतु यह कि यदि शासी बोर्ड यह विनिश्चय करता है कि कुलपति सूचना अवधि के पूरा हुए बिना तत्काल प्रभाव से कार्यभार मुक्त किया जाए तब, कुलपति को शेष सूचना अवधि के लिए वेतन का भुगतान करके कार्यभार मुक्त किया जा सकता है ।

(3) कुलपति की उपलब्धियां तथा सेवा शर्तें निम्नानुसार होंगी :-

(क) कुलपति विश्वविद्यालय का पूर्णकालिक वेतनभोगी अधिकारी होगा ।

(ख) कुलपति को समय-समय पर यथा-संशोधित राष्ट्रीय महत्व की अन्य संस्थाओं के प्रधानों के मासिक वेतन, अन्य भत्तों तथा उपलब्धियों के समान मासिक वेतन, अन्य भत्तों तथा उपलब्धियों का भुगतान किया जाएगा । कुलपति किराया के भुगतान रहित सुज्जित निवासीय आवास का, ऐसी सीमाओं के अध्यधीन जो विनियमों,द्वारा विनिर्दिष्ट की जाएं, साज-सामान या साज-सामान के नवीकरण के लिए उपबंध सहित उपयोग करने का हकदार होगा । ऐसे निवास के अनुरक्षण की बाबत कुलपति द्वारा कोई प्रभार नहीं चुकाया जाएगा । सभी साज-सामान और फिक्सरें विश्वविद्यालय की सम्पत्ति होगी ।

(ग) कुलपति समय-समय पर यथा-संशोधित केन्द्रीय सरकार के सन्नियमों के अनुसार और यदि अपेक्षित हो, राष्ट्रीय महत्व की अन्य संस्थाओं के समान चिकित्सीय परिचर्या तथा उपचार के संबंध में विशेषाधिकार के लिए पात्र होगा ।

(घ) कुलपति ऐसे सेवांत हित लाभों और भत्तों के लिए हकदार होगा जो शासी बोर्ड द्वारा राष्ट्रीय महत्व की संस्था के समान नियत और समय-समय पर यथा संशोधित किए जाएं :

परंतु जहां विश्वविद्यालय का या इसके द्वारा अनुरक्षित या इससे सहबद्ध किसी महाविद्यालय या संस्था का या किसी अन्य विश्वविद्यालय या किसी अन्य विश्वविद्यालय द्वारा अनुरक्षित या इससे सहबद्ध किसी संस्था का कोई कर्मचारी कुलपति के रूप में नियुक्त किया जाता है तो उसे किसी भी ऐसी भविष्य निधि का अभिदाय करते रहने के लिए अनुज्ञात किया जा सकेगा जिसका वह सदस्य है और विश्वविद्यालय ऐसे व्यक्ति के खाते में उस भविष्य निधि में उसी दर पर अभिदाय करेगा जिस पर वह व्यक्ति कुलपति के रूप में अपनी नियुक्ति से ठीक पूर्व अभिदाय कर रहा था :

परंतु यह कि जहां ऐसा व्यक्ति किसी पेंशन स्कीम का सदस्य रहा था, वहां विश्वविद्यालय ऐसी स्कीम में आवश्यक अभिदाय करेगा ।

(ड.) कुलपति किसी कैलेंडर वर्ष में तीस दिन की दर पर पूर्ण वेतन पर छुट्टी के लिए हकदार होगा और प्रत्येक वर्ष जनवरी तथा जुलाई के पहले दिन को प्रत्येक पन्द्रह दिन की दो अर्धवार्षिक किस्तों में अग्रिम रूप से छुट्टी उसके खाते में जमा की जाएगी :

परंतु यदि कुलपति किसी छ:माही के चालू रहने के दौरान कुलपति का पदभार ग्रहण करता है और कुलपति के पदभार को छोड़ देता है तो छुट्टी सेवा के प्रत्येक संपूरित मास के लिए दाई दिन की दर से आनुपातिक रूप से जमा की जाएगी ।

(च) उप खंड (ड.) में निर्दिष्ट छुट्टी के अतिरिक्त, कुलपति सेवा के प्रत्येक संपूरित वर्ष के लिए बीस दिन की दर पर अर्धवेतन छुट्टी के लिए भी हकदार होगा । यह अर्धवेतन छुट्टी चिकित्सा प्रमाण पत्र पर पूर्ण वेतन पर परिवर्तित छुट्टी के रूप में भी ली जा सकेगी । जब परिवर्तित छुट्टी ली जाती है तब अर्धवेतन छुट्टी की रकम का दो गुणा देय अर्धवेतन छुट्टी से विकलित किया जाएगा ।

9. कुलपति की शक्तियाँ- (1) अधिनियम की धारा 22 के अधीन रहते हुए कुलपति :-

(क) किसी प्राधिकरण के किसी विनिश्चय पर की गई कार्रवाई को निलंबित कर सकेगा, यदि उसकी यह राय है कि यह अधिनियम या परिनियमों या अध्यादेशों के उपबंधों के अधिकारातीत है या ऐसा विनिश्चय विश्वविद्यालय के सर्वोत्तम हित में नहीं है ।

(ख) किसी सदस्य को कार्यवाहियों में निरंतर बाधा डालने या रोकने के लिए या किसी सदस्य के अशोभनीय व्यवहार में संलिप्त होने के लिए प्राधिकरण, निकाय या समिति की बैठक से निलंबित कर सकेगा ।

(ग) किसी कर्मचारी को निलंबित कर सकेगा और उसके विरूद्ध अनुशासनिक कार्रवाई आंरभ कर सकेगा ; और

(घ) यह सुनिश्चित कर सकेगा कि अधिनियम, परिनियमों अध्यादेशों और विनियमों के उपबंधों का पूर्णतया पालन किया जाता है ।

10. कैंपस निदेशक - (1) अधिनियम की धारा 23(2) के अनुसार, कैंपस निदेशक विश्वविद्यालय के कैंपस के शैक्षणिक,प्रशासनिक और अन्य कार्यकलापों का प्रबंध करने में कुलपति की सहायता करेगा ।

(2) निदेशक, विश्वविद्यालय का पूर्ण कालिक वेतन भोगी अधिकारी होगा ।

(3) कैंपस निदेशक की अधिकारिता संबंधित कैंपस तक ही सीमित होगी, तथापि, कुलपति विश्वविद्यालय के सभी कैंपसों की विभिन्न गतिविधियों की देखभाल करने के लिए किसी कैंपस निदेशक को अतिरिक्त जिम्मेदारियां सौंप सकेगा ।

(4) कैंपस निदेशक की नियुक्ति शासी बोर्ड के अनुमोदन से इस प्रयोजन के लिए गठित चयन समिति की सिफारिश पर की जाएगी । कैंपस निदेशक की क्षेत्र में विख्यात विशेषज्ञ को आमंत्रित करके, नियुक्ति करने की दशा में, नियुक्ति शासी बोर्ड के अनुमोदन से की जाएगी ।

(5) सीधे चयन के माध्यम से कैंपस निदेशक के पद के लिए पात्र होने के लिए अभ्यर्थी निम्नलिखित पात्रता मानदंड को पूरा करेंगे –

(क) अभ्यर्थी/व्यक्ति को प्रथम श्रेणी के साथ पी.एच.डी. या मास्टर डिग्री/मौलिक विज्ञान या शिक्षा की अन्य सहबद्ध शाखाओं में समतुल्य होना चाहिए ।

(ख) उसके पास कम से कम पन्द्रह वर्ष का शिक्षण या अनुसंधान का अनुभव होना चाहिए जिसमें से किसी प्रतिष्ठित संस्था/विश्वविद्यालय में पूर्ण कालिक आचार्य के रूप में न्यूनतम पांच वर्ष का अनुभव; (उद्योग अनुभव की दशा में, उसके पास ज्येष्ठ स्तर पर, कम से कम पन्द्रह वर्ष का अनुभव हो, जिसमें से पांच वर्ष का अनुभव आचार्य या समतुल्य स्तर पर होना चाहिए) ।

(ग) उसने कम से कम पांच पी.एच.डी. के छात्रों का मार्गदर्शन किया हो :

परंतु आमंत्रण द्वारा भर्ती की दशा में, कुलपति को आचार्य की पंक्ति से अन्यून स्तर के वृतिक अनुभव पर विचार करके सन्नियमों को शिथिल करने की शक्ति होगी ।

(6) कैंपस निदेशक की उपलब्धियां तथा सेवा की अन्य निबंधन तथा शर्तें वे होंगी जो शासी बोर्ड द्वारा विहित की जाएं और राष्ट्रीय महत्व के संस्थानों में कैंपस निदेशक के समान हों ।

(7) कैंपस निदेशक पैंसठ वर्ष की आयु पूरी होने तक या समय-समय पर संशोधित केन्द्रीय सरकार के सन्नियमों के अनुसार और यदि अपेक्षित हो तो राष्ट्रीय महत्व के संस्थान के समान पद धारण करेगा :

परंतु आमंत्रण द्वारा नियुक्ति की दशा में, कुलपति को आचार्य की पंक्ति से अन्यून स्तर के वृतिक अनुभव पर विचार करके संन्नियमों को शिथिल करने की शक्ति होगी ।

(8) कैंपस निदेशक किराए के भुगतान रहित सुज्जित निवासीय आवास का, ऐसी सीमाओं के अध्यधीन, जो विनियमों द्वारा विनिर्दिष्ट की जाएं, साज-सामान या साज-सामान के नवीकरण के उपबंध सहित उपयोग करने का हकदार होगा । ऐसे निवास के अनुरक्षण की बाबत कैंपस निदेशक कोई प्रभार नहीं चुकाएगा । सभी साज-सामान और फिक्सरें विश्वविद्यालय की संपत्ति होगी ।

(9) कैंपस निदेशक, विश्वविद्यालय के स्थायी गैर-प्रावकाश कर्मचारी को यथा अनुज्ञेय छुट्टी के लिए हकदार होगा और समय-समय पर संशोधित केन्द्रीय सरकार के संन्नियमों के अनुसार विश्वविद्यालय की भविष्य निधि या पेंशन, अंशदायी भविष्य निधि का और यदि अपेक्षित हो, तो राष्ट्रीय महत्व के संस्थान के मार्गदर्शी सिद्धातों, जो समय-समय पर संशोधित किए जाएं, के समान सदस्य होगा :

परंतु जहां विश्वविद्यालय का या इसके द्वारा अनुरक्षित या इससे सहबद्ध किसी महाविद्यालय या किसी संस्था का या किसी अन्य विश्वविद्यालय का या ऐसे किसी अन्य विश्वविद्यालय द्वारा अनुरक्षित या इससे सहबद्ध किसी संस्था का कोई कर्मचारी, कैंपस निदेशक के रूप में नियुक्त किया जाता है तो उसे किसी भी ऐसी भविष्य निधि का अभिदाय करते रहने के लिए अनुज्ञात किया जा सकेगा जिसका वह सदस्य है और विश्वविद्यालय ऐसे व्यक्ति के खाते में उस भविष्य निधि में उसी दर पर अभिदाय करेगा जिस पर वह व्यक्ति कैंपस निदेशक के रूप में अपनी नियुक्ति से ठीक पूर्व अभिदाय कर रहा था :

परंतु यह कि जहां ऐसा व्यक्ति किसी पेंशन स्कीम का सदस्य रहा था वहां विश्वविद्यालय ऐसी स्कीम में आवश्यक अभिदाय करेगा ।

(10) कैंपस निदेशक समय-समय पर संशोधित केन्द्रीय सरकार के संनियमों के अनुसार चिकित्सीय परिचर्या और उपचार के संबंध में विशेषाधिकार का पात्र होगा ।

(11) किसी कारणवश कैंपस निदेशक का पद अचानक रिक्त हो जाने की दशा में, नियमित आधार पर पद को भरने की प्रक्रिया ऐसी रिक्ति की तारीख से छह मास की अवधि के भीतर पूरी की जाएगी ।

(12) उस समय जब कैंपस निदेशक का पद रिक्त हो जाता है या जब कैंपस निदेशक बीमारी या अनुपस्थिति या किसी अन्य कारण से अपने पद के कर्तव्यों का पालन करने में असमर्थ है तब कुलपति, कैंपस निदेशक के स्थापन्न रूप में पद पर कार्य करने के लिए कैंपस निदेशक के रूप में नियुक्त होने के लिए उपयुक्त अर्हित व्यक्ति को, यथा स्थिति, कैंपस निदेशक द्वारा पद भार ग्रहण करने तक या किसी नए कैंपस निदेशक द्वारा कर्तव्य भार ग्रहण करने तक नियुक्त कर सकेगा ।

(13) उस दशा में, जब कैंपस निदेशक एक मास से अधिक अवधि के लिए छुट्टी पर है या विदेश यात्रा पर है तब विश्वविद्यालय के ज्येष्ठतम संकायाध्यक्ष/आचार्य को कुलपति द्वारा कैंपस निदेशक नियुक्त किया जाएगा ।

11. कैंपस निदेशक के कर्तव्य और उत्तरदायित्व - (1) कैंपस निदेशक विश्वविद्यालय का शैक्षणिक और कार्यपालक अधिकारी होगा जिसका अधिकार क्षेत्र विश्वविद्यालय के संबंधित कैंपस पर होगा । तथापि, कुलपति उसे अन्य कैंपस का अतिरिक्त प्रभार/ उत्तरदायित्व सौंप सकता है । कैंपस निदेशक :-

(क) शैक्षणिक विकास कार्यक्रम जिनमें स्नातक/स्नातकोत्तर शिक्षण, अनुसंधान प्रशिक्षण, परामर्श, विस्तार क्रियाकलाप और संबंधित विश्वविद्यालय के सहयोगात्मक कार्यक्रम भी हैं, के लिए प्रधान शैक्षणिक नियोजन तथा शैक्षणिक लेखा परीक्षा अधिकारी होगा ;

(ख) यह सुनिश्चित करेगा कि शिक्षा, अनुसंधान और अन्य सुसंगत सेवाओं में गुणवत्ता संबंधित विश्वविद्यालय कैंपस द्वारा बनाई रखी जाती है ;

(ग) विश्वविद्यालय कैंपस में बौद्धिक अन्योन्यक्रिया को प्रोत्साहित करने के लिए तथा अनुंसधान और विकास की गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा उद्योग जगत अन्योन्यक्रिया को मजबूत करने के लिए उत्तरदायी होगा ;

(घ) यह सुनिश्चित करेगा कि उनके शैक्षणिक कार्यक्रमों में कैंपस की दीर्धकालिक और अल्पकालिक विकास योजनाएं सम्यकत: तैयार की जाती हैं और सुसंगत प्राधिकारियों,निकायों, समितियों और अधिकारियों के माध्यम से कार्यान्वित की जाती हैं ;

(ड.) विश्वविद्यालय कैंपस में नए संस्थानों/ विद्यालयों, विभागों, उच्चतर विद्या की संस्थाओं, नए महाविद्यालय की सहबद्धता अनुसंधान तथा विशेषीकृत अध्ययनों, ज्ञान संसाधन केन्द्र, शैक्षणिक सेवा यूनिटों,पुस्तकालयों, प्रयोगशालाओं तथा संग्रहालयों की स्थापना के लिए शासी बोर्ड को प्रस्ताव करेगा ;

(च) विश्वविद्यालय निधि से तथा अन्य वित्तपोषण अभिकरणों से प्राप्त निधियों से विश्वविद्यालय या संबंधित कैंपसों की द्वारा अपेक्षित अन्य पदों के सृजन के लिए और ऐसे पदों के लिए अर्हताओं, अनुभव और वेतनमानों का प्रस्ताव शासी बोर्ड को करेगा ;

(छ) संबंधित कैंपस के सहयोगात्मक तथा विकास कार्यक्रमों के लिए निधि सृजित करने के लिए बाह्य वित्तपोषण अभिकरणों के साथ प्रधान संपर्क अधिकारी होगा और उनके उचित उपयोग को मानीटर करेगा ;

(ज) संबंधित कैंपसों के भीतर व्यापक परिप्रेक्ष्य योजना, वार्षिक योजना तैयार करने तथा सुव्यवस्थित क्षेत्र सर्वेक्षण करवाने के लिए जिम्मेदार होगा ;

(झ) विश्वविद्यालयों, अनुसंधान संस्थानों, महाविद्यालयों और राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय संस्थाओं और वैज्ञानिक, औद्योगिक तथा वाणिज्यिक संगठनों के बीच सहयोग को प्रोत्साहित करने तथा उसका संवर्धन करने के लिए संपर्क स्थापित करने हेतु जिम्मेदार होगा ;

(ञ) भिन्न-भिन्न विकासात्मक तथा सहयोगात्मक कार्यक्रमों में हुई प्रगति पर वार्षिक रिपोर्ट को कुलपति को प्रस्तुत करने के लिए जिम्मेदार होगा जो उसे शासी बोर्ड के समक्ष रखेगा ;

(ट) संबंधित कैंपस के लिए स्वीकृत वार्षिक बजट के भीतर पूंजी और साथ ही राजस्व व्यय के मद्दे खर्च करने की सभी वित्तीय शक्तियों का प्रयोग करेगा ;

(ठ) ऐसी अन्य शक्तियों का प्रयोग करेगा और ऐसे अन्य कत्तव्यों का पालन करेगा जो समय-समय पर कुलपति द्वारा अधिनियम के अधीन विहित किए जाएं या समनुदेशित किए जाएं जिनके अन्तर्गत किसी अन्य कैंपस का अतिरिक्त प्रभार या कुलपति द्वारा यथा समनुदेशित कर्त्तव्य भी हैं ।

12. संकायाध्यक्ष – अधिनियम की धारा 24 के अनुसार, विश्वविद्यालय के विद्यालयों के संकायाध्यक्षों की नियुक्ति कुलपति द्वारा निम्नलिखित निबंधनों और शर्तों पर की जाएगी –

(1) प्रत्येक विद्यालय के संकायाध्यक्ष की नियुक्ति तीन वर्ष की अवधि के लिए ज्येष्ठता के क्रम में चक्रानुक्रमानुसार संबंधित विद्यालय के नियमित आचार्यों में से की जाएगी । तथापि, यदि विद्यालय में कोई नियमित आचार्य नहीं है तो कुलपति किसी भी विद्यालय में संकायाध्यक्ष की जिम्मेदारियों की देखभाल करने के लिए विश्वविद्यालय के अन्य विद्यालय से किसी अन्य नियमित आचार्य की नियुक्ति कर सकेगा ।

(2) प्रत्येक विद्यालय का सहयुक्त संकायाध्यक्ष तीन वर्ष की अवधि के लिए ज्येष्ठता के क्रम में संबंधित विद्यालय के नियमित सहयुक्त आचार्यों में से कुलपति द्वारा नियुक्त किया जाएगा ।

(3) जब संकायाध्यक्ष का पद रिक्त हो या जब संकायाध्यक्ष बीमारी, अनुपस्थिति या किसी अन्य कारण से अपने पद के कर्त्तव्यों का पालन करने में असमर्थ हो तो कुलपति संबंधित विद्यालय के सहयुक्त संकायाध्यक्ष को संकायाध्यक्ष का उत्तरादायित्व सौंप सकेगा ।

(4) संकायाध्यक्ष विद्यालय का प्रधान होगा और विद्यालय में शिक्षण तथा अनुसंधान के मानकों के संचालन तथा रख-रखाव के लिए जिम्मेदार होगा और उसके पास ऐसे अन्य कृत्य होंगे जो अध्यादेशों द्वारा विहित किए जाएं ।

(5) संकायाध्यक्ष, संबंधित कैंपस के कैंपस निदेशक के सीधे अधीक्षण, निदेशन तथा नियंत्रण में कार्य करेगा ।

(6) संकायाध्यक्ष को, यथास्थिति, अध्ययन बोर्डों या विद्यालय की समितियों की किसी भी बैठक में भाग लेने तथा बोलने का अधिकार होगा किन्तु उसे उनमें मताधिकार तब तक प्राप्त नहीं होगा जब तक वह उसका सदस्य न हो ।

(7) परिनियमों में किसी बात के होते हुए भी, कुलपति, शैक्षणिक कार्यकलापों, छात्र कल्याण, संकाय कार्यकलाप, अनुसंधान और विकास, अर्न्तराष्ट्रीय संबंधों तथा अन्य जो सामान्य प्रशासन के लिए ठीक समझे जाएं, के संकायाध्यक्षों की नियुक्त कर सकेगा ।

13. कार्यपालक कुलसचिव – (1) अधिनियम की धारा 25(2)(iii) के अनुसार, कार्यपालक कुलसचिव, विश्वविद्यालय के प्रशासनिक कार्यकलापों का प्रबंध करने में कुलपति की सहायता करेगा ।

(2) कार्यपालक कुलसचिव की नियुक्ति इस प्रयोजन के लिए गठित चयन समिति की सिफारिश पर कुलपति द्वारा सीधी भर्ती के माध्यम से की जाएगी और शासी बोर्ड द्वारा उसका अनुमोदन किया जाएगा ।

(3) वह 62 वर्ष की आयु प्राप्त करने तक पद धारण करने का पात्र होगा :

परंतु कार्यपालक कुलसचिव बासठ वर्ष की आयु प्राप्त कर लेने पर भी, अपने पद पर तब तक बना रहेगा जब तक उसका उत्तरवर्ती नियुक्त नहीं हो जाता है और वह अपना पद ग्रहण नहीं कर लेता है या एक वर्ष की अवधि समाप्त होने तक, इनमें जो भी पूर्वत्तर हो :

परंतु यह और कि संक्रमणकालीन उपबंध के रूप में किसी राज्य विश्वविद्यालय से किसी राष्ट्रीय विश्वविद्यालय को विश्वविद्यालय की संक्रियाओं तथा क्रियाकलापों के निर्बाध संक्रमण तथा निरन्तरता को सुकर बनाने के उद्देश्य से विश्वविद्यालय का प्रथम कार्यपालक कुलसचिव अधिकतम पैंसठ वर्ष की आयु तक पद पर बना रहेगा ।

(4) कार्यपालक कुलसचिव की उपलब्धियां, सेवा के अन्य निबंधन और शर्तें वे होंगी जो समय-समय पर संशोधित केन्द्रीय सरकार के संनियमों के अनुसार और यदि अपेक्षित हो, तो राष्ट्रीय महत्व के संस्थान के समान शासी बोर्ड द्वारा विहित की जाएं ।

(5) कार्यपालक कुलसचिव, ऐसी सीमाओं के अधीन रहते हुए जो विनियमों द्वारा विहित की जाएं, किराया का भुगतान किए बिना सुसज्जित निवासीय आवास का उपयोग, साज-सामान या साज-सामान के नवीकरण के उपबंध के साथ, करने का हकदार होगा । ऐसे निवास के अनुरक्षण की बाबत कार्यपालक कुलसचिव कोई प्रभार नहीं चुकाएगा । सभी साज-सामान और फिक्सर विश्वविद्यालय की संपत्ति होगी ।

(6) कार्यपालक कुलसचिव विश्वविद्यालय के स्थायी गैर-प्रावकाश कर्मचारी को यथा अनुज्ञेय छुट्टी के लिए हकदार होगा और समय-समय पर यथा संशोधित केन्द्रीय सरकार के संनियमों के अनुसार और यदि अपेक्षित हो, तो राष्ट्रीय महत्व के संस्थान के समान विश्वविद्यालय की भविष्य निधि या पेंशन या अंशदायी भविष्य निधि स्कीम का संदाय होगा :

परंतु जहां विश्वविद्यालय का या इसके द्वारा अनुरक्षित या इससे सहबद्ध किसी महाविद्यालय या संस्था का या किसी ऐसे अन्य विश्वविद्यालय का या ऐसे अन्य विश्वविद्यालय द्वारा अनुरक्षित या इससे सहबद्ध किसी संस्था का कोई कर्मचारी कार्यपालक कुलसचिव के रूप में नियुक्त किया जाता है तो उसे किसी भी ऐसी भविष्य निधि का अभिदाय करते रहने के लिए अनुज्ञात किया जा सकेगा जिसका वह सदस्य है और विश्वविद्यालय ऐसे व्यक्ति के खाते में उस भविष्य निधि में उसी दर पर अभिदाय करेगा जिस पर वह व्यक्ति कार्यपालक कुलसचिव के रूप में अपनी नियुक्ति से ठीक पूर्व अभिदाय कर रहा था :

परंतु यह कि जहां ऐसा व्यक्ति किसी पेंशन स्कीम का सदस्य रहा था वहां विश्वविद्यालय ऐसी स्कीम में आवश्यक अभिदाय करेगा ।

(7) कार्यपालक कुलसचिव समय-समय पर यथा संशोधित केन्द्रीय सरकार के संनियमों के अनुसार और यदि अपेक्षित हो, राष्ट्रीय महत्व की अन्य संस्थाओं के समान चिकित्सीय परिचर्या तथा उपचार के संबंध में विशेषाधिकार के लिए पात्र होगा ।

(8) जब कार्यपालक कुलसचिव का पद रिक्त हो जाता है या कार्यपालक कुलसचिव बीमारी, अनुपस्थिति या किसी अन्य कारण से अपने पद के कर्त्तव्यों का पालन करने में असमर्थ है तब पद के कर्त्तव्य समतुल्य ओहदे जैसे आचार्य द्वारा या किसी ऐसे व्यक्ति द्वारा जिसे कुलपति इस प्रयोजन के लिए नियुक्त करे, निष्पादित किए जाएंगे ।

(9) (क) कार्यपालक कुलसचिव को, ऐसे कर्मचारियों, अध्यापक तथा शैक्षणिक कर्मचारिवृन्द को छोड़कर, जो शासी बोर्ड के आदेश में विनिर्दिष्ट किए जाएं, के विरूद्ध अनुशासनिक कार्रवाई करने की तथा जांच लंबित रहने तक निलंबित करने की, उनको चेतावनी देने की या उन पर परिनिंदा की शास्ति अधिरोपित करने या वेतन वृद्धि रोकने की शक्ति प्राप्त होगी :

परंतु ऐसी कोई शास्ति जब तक अधिरोपित नहीं की जाएगी जब तक संबंधित व्यक्ति को उसके संबंध में की जाने वाली प्रस्तावित कार्रवाई के विरूद्ध हेतुक दर्शित करने का युक्ति युक्त अवसर न दे दिया गया हो ।

(ख) उपखंड (क) में विनिर्दिष्ट शास्तियों में से कोई भी शास्ति अधिरोपित करने वाले कार्यपालक कुल सचिव के किसी आदेश के विरूद्ध कुलपति को अपील की जाएगी ।

(ग) उस दशा में, जब जांच में यह प्रकट हो जाता है कि कार्यपालक कुलसचिव की शक्ति से परे दंड अपेक्षित है तो कार्यपालक कुलसचिव, जांच के समाप्त होने पर, कुलपति को अपनी सिफारिश के साथ रिपोर्ट करेगा :

परंतु कोई शास्ति अधिरोपित करने वाले कुलपति के आदेश के विरूद्ध अपील बोर्ड को की जाएगी ।

(10) कार्यपालक कुलसचिव शासी बोर्ड, विद्यापरिषद और वित्त समिति का पदेन सदस्य सचिव होगा ।

14. कार्यपालक कुलसचिव के कर्तव्य और उत्तरदायित्व – (1) अभिलेखों, सामान्य मुद्रा और विश्वविद्यालय की ऐसी अन्य संपत्ति जो शासी बोर्ड उसे उसके भारसाधन में सौंपे,का अभिरक्षक होना ;

(2) सभा, शासी बोर्ड विद्या परिषद और इन प्राधिकारियों द्वारा नियुक्त समितियों में, से किसी भी समिति की बैठक बुलाने वाली सभी सूचनाएं जारी करना ;

(3) सभा, शासी बोर्ड, विद्या परिषद और इन प्राधिकारियों द्वारा नियुक्त समितियों में से किसी समिति की सभी बैठकों के कार्यवृत्त रखना ;

(4) सभा, शासी बोर्ड और विद्या परिषद का शासकीय पत्र-व्यवहार संचालित करना ;

(5) विश्वविद्यालय के प्राधिकारियों की बैठकों की कार्यसूची की प्रतियां जारी किए जाने के शीध्र पश्चात् तथा ऐसी बैंठकों के कार्यवृत्त सरकार को देना ;

(6) विश्वविद्यालय द्वारा इसके विरूद्ध किए गए मुकदमों या की गई कार्यवाहियों में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करना, इस प्रयोजन के लिए मुख्तार नामे पर हस्ताक्षर करना तथा अभिवचनों को सत्यापित करना या अपने प्रतिनिधि भेजना; और

(7) ऐसे अन्य कर्त्तव्यों का पालन करना जो परिनियमों, अध्यादेशों या विनियमों में विनिर्दिष्ट किए जाएं या जिनकी समय-समय पर शासी बोर्ड या कुलपति द्वारा अपेक्षा की जाए ।

15. वित्त अधिकारी – (1) अधिनियम की धारा 26 के अनुसार, वित्त अधिकारी, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के मार्गदर्शक सिद्धांतों के अनुसार न्यूनतम अर्हता के साथ विश्वविद्यालय द्वारा ऐसी रीति में, ऐसी उपलब्धियों पर और सेवा के ऐसे अन्य निबंधनों और शर्तों पर नियुक्त किया जाएगा और ऐसी शक्तियेां का प्रयोग करेगा और ऐसे कर्त्तव्यों का पालन करेगा जो परिनियमेां में अधिकथित किए जाएं ।

(2) वित्त अधिकारी की नियुक्ति इस प्रयोजन के लिए गठित चयन समिति की सिफारिश पर कुलपति द्वारा की जाएगी और उसका आगे अनुमोदन शासी बोर्ड द्वारा किया जाएगा ।

(3) वह विश्वविद्यालय पूर्ण कालिक वेतन भोगी अधिकारी होगा ।

(4) उसकी नियुक्ति पांच वर्ष की अवधि के लिए की जाएगी और वह पुन: नियुक्ति के लिए पात्र होगा ।

(5) वित्त अधिकारी की उपलब्धियां और सेवा के अन्य निबंधन और शर्तें वे होंगी जो समय-समय पर केन्द्रीय सरकार के संनियमों के अनुसार और समय-समय पर यथा संशोधित राष्ट्रीय महत्व के संस्थान के समान शासी बोर्ड द्वारा विहित की जाएं ।

(6) परंतु वित्त अधिकारी बासठ वर्ष की आयु प्राप्त करने पर सेवा निवृत्त होगा :

परंतु यह और कि वित्त अधिकारी बासठ वर्ष की आयु प्राप्त कर लेने पर भी, अपने पद पर तब तक बना रहेगा जब तक उसका उत्तरवर्ती नियुक्त नहीं हो जाता है और वह अपना पद ग्रहण नहीं कर लेता है या एक वर्ष की अवधि समाप्त होने तक, इनमें जो भी पूर्वत्तर हो ।

(7) जब वित्त अधिकारी का पद रिक्त हो जाता है या जब वित्त अधिकारी बीमारी, अनुपस्थिति या किसी अन्य कारण से अपने पद के कर्त्तव्यों का पालन करने में असमर्थ है तो पद के कर्त्तव्यों का पालन ऐसे व्यक्ति द्वारा किया जाएगा जो कुलपति इस प्रयोजन के लिए नियुक्त करें ।

(8) वित्त अधिकारी, वित्त समिति का पदेन सचिव होगा किंतु ऐसी समिति का सदस्य नहीं समझा जाएगा ।

(9) वित्त अधिकारी :

(क) विश्वविद्यालय की निधियों पर साधारण पर्यवेक्षण करेगा और उसे, जहां तक उसकी वित्तीय नीति का संबंध है, सलाह देगा, और

(ख) ऐसे अन्य वित्तीय कृत्यों का पालन करेगा जो शासी बोर्ड द्वारा उसे समनुदेशित किए जाएं या जो अध्यादेशों द्वारा विहित किए जाएं ।

(10) शासी बोर्ड के नियंत्रण के अधीन रहते हुए, वित्त अधिकारी :

(क) विश्वविद्यालय की संपत्ति और निवेश को धारण करेगा और उसका प्रबंध करेगा जिसके अन्तर्गत न्यास और नैसर्गिक संपत्ति भी है ।

(ख) यह सुनिश्चित करेगा कि किसी वर्ष के लिए आवर्ती और अनावर्ती व्यय के लिए शासी बोर्ड द्वारा नियत सीमाएं अधिक नहीं होती हैं और सभी धनराशियां उस प्रयोजन के लिए खर्च की जाती हैं जिसके उन्हें मंजूर किया गया है या आवंटित किया गया है ।

(ग) विश्वविद्यालय के लेखाओं तथा बजट को तैयार करने और उनके रखरखाव के लिए जिम्मेदार होगा और उन्हें शासी बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत करेगा ।

(घ) नकदी और बैंक अतिशेष की स्थिति पर तथा विनिधानों की स्थिति पर निरन्तर निगरानी रखेगा ।

(ड.) पार्किंग, विश्वविद्यालयों की निधियों और खर्चों के विनिधान तथा उनकी आंतरिक लेखा परीक्षा के लिए जिम्मेदार और जवाबदेह होगा ।

(च) राजस्व के संग्रहण की प्रगति की निगरानी करेगा और किए गए संग्रहण की पद्धतियों के लिए जिम्मेदार और जवाबदेह होगा ।

(छ) यह सुनिश्चित करेगा कि भवनों, भूमि फर्नीचर और उपस्करों के रजिस्टर का अद्यतन रखरखाव किया जाता है और सभी कार्यालयों, विशेष केन्द्रों, विशेषीकृत प्रयोगशालाओं तथा विश्वविद्यालय द्वारा चलाए गए महाविद्यालयों तथा संस्थाओं में उपस्करों तथा अन्य उपभोज्य सामग्री की जांच पड़ताल की जाती है ।

(ज) अप्राधिकृत खर्च तथा अन्य वित्तीय अनियमिताओं को कुलपति की जानकारी में लाएगा और व्यतिक्रमी व्यक्तियों के विरूद्ध अनुशासनिक कार्रवाई का सुझाव देगा ।

(झ) किसी भी कार्यालय, केन्द्र, प्रयोगशाला, महाविद्यालय या विश्वविद्यालय द्वारा अनुरक्षित संस्थान से ऐसी कोई जानकारी या विवरणी मांग सकेगा जो वह अपने कर्त्तव्यों के निष्पादन के लिए आवश्यक समझे ।

(11) विश्वविद्यालय को संदेय किसी धनराशि के लिए वित्त अधिकारी या शासी बोर्ड द्वारा इस निमित्त सम्यकत: प्राधिकृत व्यक्ति या व्यक्तियों द्वारा दी गई कोई रसीद ऐसी धनराशि के संदाय के लिए पर्याप्त उन्मोचन होगी ।

16. अन्य अधिकारी – (1) अधिनियम की धारा 21 के अनुसार, अन्य अधिकारियों की नियुक्ति विश्वविद्यालय द्वारा अपेक्षाओं के अनुसार की जा सकेगी ।

(2) अधिनियम की धारा 31 के अनुसार, शासी बोर्ड परिनियमों के द्वारा, विश्वविद्यालय के ऐसे अन्य प्राधिकारियों या अधिकारियों की घोषणा कर सकेगा और यथा स्थिति, प्रत्येक ऐसे प्राधिकारी या अधिकारी की शक्तियों, कृत्यों और कर्त्तव्यों को विनिर्दिष्ट कर सकेगा ।

17. वित्त समिति – (1) वित्त समिति, अधिनियम की धारा 28 के अनुसार सदस्यों से मिलकर बनेगी और अधिनियम की धारा 29 में विहित किए गए अनुसार शक्तियों का प्रयोग करेगी ।

(2) समिति, सामान्यत: किसी कैलेंडर वर्ष के दौरान लेखाओं की परीक्षा करने तथा व्यय के लिए प्रस्तावों की संवीक्षा करने के लिए दो बार बैठक कर सकेगी ।

(3) समिति की साधारणत: बैठक अध्यक्ष द्वारा स्वप्रेरणा से या वित्त अधिकारी के अनुरोध पर या समिति के कम से कम तीन सदस्यों द्वारा हस्ताक्षरित अपेक्षा पर बुलाई जा सकेगी ।

(4) समिति, विश्वविद्यालय से संबंधित किसी वित्तीय विषय पर या तो स्वप्रेरणा से या बोर्ड या कुलपति की सलाह पर बोर्ड के समक्ष अपने विचार प्रस्तुत करेगी और अपनी सिफारिशें करेगी ।

(5) समिति संसाधन जुटाने से संबंधित सलाह और मार्गदर्शन प्रदान करेगी ।

(6) समिति ऐसे अन्य कृत्यों का पालन करेगी जिनका, बोर्ड समय-समय पर विनिश्चय करे ।

(7) ऐसे पदों के सृजन तथा उन सभी मदों जिन्हें बजट में शामिल नहीं किया गया है, से संबंधित सभी प्रस्तावों की वित्त समिति द्वारा उन पर बोर्ड द्वारा विचार किए जाने से पूर्व समीक्षा की जानी चाहिए ।

(8) वित्त अधिकारी द्वारा तैयार किए गए विश्वविद्यालय के वार्षिक लेखाओं तथा वित्तीय प्राक्कलनों पर विचार किए जाने तथा टीका टिप्पणियों के लिए वित्त समिति के समक्ष रखा जाएगा और तत्पश्चात, अनुमोदन के लिए शासी बोर्ड को प्रस्तुत किया जाएगा । कम से कम दो तिहाई सदस्य गणपूर्ति गठित करेंगे ।

(9) विश्वविद्यालय के लेखों ऐसे आन्तरिक संपरीक्षक द्वारा संपरीक्षित किए जाएंगे जो चार्टर्ड एकाउन्टेंट अधिनियम,1949में यथा परिभाषित चार्टर्ड एकाउंटेंट या चार्टर्ड एकाउन्टेंट की फर्म या सभी लेखा बहियों की समवर्ती संपरीक्षा सुनिश्चित करने के लिए बोर्ड द्वारा नियुक्त चार्टर्ड एकाउन्टेंट की फर्म होगी और ऐसी आवधिक आंतरिक संपरीक्षा रिपोर्ट पुनर्विलोकन के लिए बोर्ड के समक्ष रखी जाएगी ।

18. सहबद्धता और मान्यता बोर्ड – (1) अधिनियम की धारा 30(1) के अनुसार सहबद्धता और मान्यता बोर्ड विश्वविद्यालय के विशेषाधिकारों में प्रवेश लेने वाले महाविद्यालयों और संस्थाओं के प्रति उत्तरदायी होगा ।

(2) कुलपति निम्नलिखित मिलकर बने सहबद्धता और मान्यता बोर्ड के सदस्यों को नामनिर्देशित करेगा –

i. कुलपति एनएफएसयु –अध्यक्ष

ii. कैंपस निदेशक (एचक्यू) – सदस्य

iii. कार्यपालक कुलसचिव – सदस्य

iv. एक कैंपस निदेशक जिसे एनएफएसयू के कुलपति द्वारा नाम निर्देशित किया जाना है – सदस्य

v. एनएफएसयू गांधी नगर कैंपस के दो ज्येष्ठ संकायाध्यक्ष – सदस्य

vi. सुसंगत विषय वस्तु में कुलपति का एक नामनिर्देशिती – सदस्य

vii. विद्या परिषद का एक सदस्य – सदस्य

viii. वित्त समिति का एक सदस्य – सदस्य

ix. वित्त अधिकारी – सदस्य

x. विधि के क्षेत्र से एक विशेषज्ञ या सहायक कुलसचिव (शैक्षणिक एवं विधि) – सदस्य

xi परीक्षा नियंत्रक– सदस्य

(3) सहबद्धता और मान्यता बोर्ड, कुलपति को प्रस्तावों की रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा ।

(4) ऐसी रिपोर्ट विद्या परिषद के समक्ष विचारार्थ रखी जाएगी ।

(5) सहबद्धता और मान्यता के लिए विस्तृत प्रक्रिया सहबद्धता और मान्यता बोर्ड द्वारा तैयार की जाएगी और विद्या परिषद द्वारा अनुमोदित की जाएगी।

19. चयन समिति – (1) कैंपस निदेशक, आचार्य, सहयुक्त आचार्य,सहायक आचार्य कार्यपालक कुलसचिव, वित्त अधिकारी, परीक्षा नियंत्रक, पुस्तकालयाध्यक्ष और अन्य के पद पर नियुक्ति के लिए शासी बोर्ड को सिफारिश करने के लिए चयन समिति होगी ।

(2) चयन समिति शासी बोर्ड के अनुमोदन से समय-समय पर संशोधित केन्द्रीय सरकार के संनियमों के अनुसार और यदि अपेक्षित हो समय-समय पर यथा संशोधित राष्ट्रीय महत्व के संस्थान के मार्गदर्शी सिद्धांतों के अनुसार गठित की जाएगी ।

(3) कुलपति, या उसकी गैर हाजरी में मुख्यालय के कैंपस निदेशक या कुलपति द्वारा नामनिर्देशित ज्येष्ठतम संकायाध्यक्ष/आचार्य चयन समिति की बैठक बुलाएगा और उसकी अध्यक्षता करेगा:

परंतु चयन समिति की बैठक कुलपति के नामनिर्देशिती और शासी बोर्ड द्वारा नामनिर्देशित विशेषज्ञों के पूर्व परामर्श के पश्चात् और उनकी सुविधा के अधीन रहते हुए नियत की जाएगी :

परंतु यह और कि चयन समिति की कार्यवाहियां तब तक विधिमान्य नहीं होगी जब तक –

(क) जहां कुलपति के नामनिर्देशिती की और शासी बोर्ड द्वारा नामनिर्देशित व्यक्तियों की संख्या कुल मिलाकर चार हो, उनमें से कम से कम तीन बैठक में उपस्थित हो, और

(ख) जहां कुलपति के नामनिर्देशिती और शासी बोर्ड द्वारा नामनिर्देशित व्यक्तियेां की संख्या कुल मिलाकर तीन हो, उनमें से कम से कम दो बैठक में भाग लेते हों ।

(4) गठन और चयन समिति द्वारा अनुसरण किए जाने वाली प्रक्रिया अध्यादेशों में अभिकथित की जाएगी ।

20. नियुक्ति का विशेष ढंग – (1) परिनियम की धारा (19) मे अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, शासी बोर्ड, आचार्य या सहयुक्त आचार्य के पद या विश्वविद्यालय में किसी अन्य समतुल्य शैक्षणिक पद को स्वीकार करने के लिए उच्च विद्या संबंधी उपाधि के तथा वृतिक उपलब्धि के व्यक्ति को अध्यादेशों में यथा अधिकथित रीति में और निबंधनों तथा शर्तों के अनुसार आमंत्रित कर सकेगा :

परंतु शासी बोर्ड ऐसे व्यक्तियेां की नियुक्ति के लिए विनिर्दिष्ट अवधि के लिए अधिसंख्य पद भी सृजित कर सकेगा :

परंतु यह और कि इस प्रकार सृजित अधिसंख्य पदों की संख्या विश्वविद्यालय में कुल पदों का पांच प्रतिशत से अधिक न हो ।

(2) शासी बोर्ड, अध्यादेशों में अधिकथित रीति के अनुसार संयुक्त परियोजना आरंभ करने के लिए किसी अन्य विश्वविद्यालय या संगठन में कार्यरत ऐसे शिक्षाविद की नियुक्ति कर सकेगा ।

21. नियत कार्यकाल के लिए नियुक्ति – (1) कुलपति, परिनियम की धारा 19 में अधिकथित प्रक्रिया के अनुसार चयनित पात्र व्यक्ति को ऐसे निबंधनों और शर्तों पर, जो वह ठीक समझें,नियत कार्यकाल के लिए नियुक्त कर सकेगा ।

22. समितियां – (1) विश्वविद्यालय का कोई प्राधिकरण उतनी स्थायी या विशेष समितियां नियुक्त कर सकेगा जितनी वह ठीक समझे और ऐसी समितियों में ऐसे व्यक्तियों को नियुक्त कर सकेगा जो ऐसे प्राधिकरण के सदस्य न हों ।

(2) खंड (1) के अधीन नियुक्त समिति, उसकी नियुक्ति करने वाले प्राधिकरण द्वारा पश्चातवर्ती पुष्टि के अधीन रहते हुए उसे प्रत्यायोजित किसी विषय पर कार्रवाई कर सकेगी ।

23. अध्यापकों की सेवा के निबंधन तथा शर्तें और आचार संहिता आदि – (1) विश्वविद्यालय के सभी अध्यापक और अन्य शैक्षणिक कर्मचारिवृन्द, तत्प्रतिकूल किसी करार के अभाव में, समय-समय पर यथा संशोधित केन्द्रीय सरकार के

सन्नियमों के अनुसार विहित संनियमों के अनुसार और यदि अपेक्षित हो, राष्ट्रीय महत्व की अन्य संस्थाओं के समान सेवा के निबंधनों और शर्तों तथा आचार संहिता, सेवांत फायदें, सेवा-निवृति आयु आदि द्वारा शासित होंगे ।

(2) शैक्षणिक कर्मचारिवृन्द के सदस्यों की उपलब्धियां, चिकित्सा, छुट्टी नियम, छुट्टी यात्रा रियायत (एलटीसी), सेवांत फायदे, भत्ते और अन्य फायदे तथा उनकी सेवा के अन्य निबंधन तथा शर्तें वे होंगी जो समय-समय यथा संशोधित केन्द्रीय सरकार के संनियमों के अनुसार और यदि अपेक्षित हो राष्ट्रीय महत्व की अन्य संस्थाओं के समान अध्यादेशों में अधिकथित किए जाएं ।

24. अन्य कर्मचारियों की सेवा के निबंधन तथा सेवा की शर्तें एवं आचार संहिता – (1) विश्वविद्यालय के अध्यापकों तथा अन्य शैक्षणिक कर्मचारिवृन्द से भिन्न, विश्वविद्यालय के सभी कर्मचारी, तत्प्रतिकूल किसी संविदा के अभाव में, सेवा के वैसे ही निबंधनों और शर्तों तथा वैसी आचार संहिता द्वारा, जो अध्यादेश में विनिर्दिष्ट हैं और समय-समय पर यथा संशोधित केन्द्रीय सरकार के संनियमों के अनुसार विहित संनियमों के अनुसार और यदि अपेक्षित हो राष्ट्रीय महत्व की अन्य संस्थाओं के समान शासित होंगे ।

(2) विश्वविद्यालय के अध्यापकों और अन्य शैक्षणिक कर्मचारिवृन्द से भिन्न विश्वविद्यालय के सभी कर्मचारियों के सदस्यों की उपलब्धियां, चिकित्सा,छुट्टी नियम,छुट्टी यात्रा-रियायत (एलटीसी), सेवांत फायदे, भत्ते और अन्य फायदे तथा उनकी सेवा के अन्य निबंधन तथा शर्तें वे होंगी जो समय-समय यथा संशोधित केन्द्रीय सरकार के संनियमों के अनुसार और यदि अपेक्षित हो राष्ट्रीय महत्व की अन्य संस्थाओं के समान अध्यादेशों में अधिकथित किए जाएं ।

(3) ऐसे प्रारंभ से ठीक पूर्व विश्वविद्यालय के गुजरात कैंपस और दिल्ली कैंपस में नियोजित प्रत्येक व्यक्ति उसी कार्यकाल तक, वैसे ही पारिश्रमिक पर और वैसे ही निबंधनों तथा शर्तों पर तथा पेंशन, छुट्टी, उपदान, भविष्य निधि और अन्य विषयों के बारे में वैसे ही अधिकारों तथा विशेषाधिकारों सहित विश्वविद्यालय में अपना पद धारण करेगा या सेवा करेगा जैसे कि उसने वह पद धारण किया होता यदि यह अधिनियम पारित न हुआ होता और ऐसा तब तक करता रहेगा जब तक उसका नियोजन समाप्त नहीं कर दिया जाता है या जब तक ऐसा कार्यकाल, पारिश्रमिक एवं निबंधंन तथा शर्तें परिनियमेां द्वारा सम्यकत: बदल नहीं दी जाती हैं, जो ऐसे कर्मचारी की सेवा शर्तों के लिए हानिकर नहीं हैं ।

25. कर्मचारियों के लिए फायदे तथा सुविधाएं – (1) विभिन्न फायदे तथा सुविधाएं पात्र कर्मचारियेां के लिए उपलब्ध होंगी जो नियुक्ति पत्र में उल्लिखित की जाएं और उनके द्वारा धारित ऐसी नियुक्तियों की प्रकृति वह होगी जिनका अध्यादेश में उपबंध किया जाए ।

(2) दीर्घावकाश और छुट्टी : विश्वविद्यालय के कर्मचारी अध्यादेश में यथा अधिकथित दीर्घावकाश और छुट्टी के लिए हकदार होंगे ।

26. सेवानिवृति फायदे – (1) विश्वविद्यालय के कर्मचारियों के लिए गठित,अनुरक्षित और प्रशासित अभिदायी भविष्य निधि-सह-उपदान स्कीम/सामान्य भविष्य निधि-सह-पेंशन-सह उपदान स्कीम/ नई पेंशन स्कीम वह होगी जो समय-समय पर यथा संशोधित केन्द्रीय सरकार के संनियमेां के अनुसार तथा राष्ट्रीय महत्व की अन्य संस्थाओं के समान विहित की जाएं।

27. दीर्घावकाश और छुट्टी – (1) विश्वविद्यालय का प्रत्येक कर्मचारी समय-समय पर यथा संशोधित केन्द्रीय सरकार के संनियमों के अनुसार तथा यदि अपेक्षित हो राष्ट्रीय महत्व की अन्य संस्थाओं के समान यथा उपबंधित दीर्घावकाश, छुट्टी, एलटीसी और अन्य फायदों के लिए हकदार होगा ।

(2) जब कोई कर्मचारी किसी अन्य संस्थान या किसी केन्द्रीय विश्वविद्यालय या किसी राज्य विश्वविद्यालय या केन्द्रीय/राज्य सरकार के किसी अन्य संस्थान/संगठन से विश्वविद्यालय में कार्यभार ग्रहण करता है तो ऐसे कार्यभार ग्रहण करने की तारीख से ठीक पूर्व की तारीख को उसके खाते में जमा छुट्टी अग्रनीत की जाएगी और वे छुट्टी संचयन की विहित सीमा के अधीन रहते हुए उसके छुट्टी खाते में जमा की जाएगी । परंतु यह कि इस प्रयोजन के लिए, राज्य विश्वविद्यालय या केन्द्रीय/राज्य सरकार का कोई अन्य संस्थान/संगठन जिससे कोई कर्मचारी संस्थान में कार्यभार ग्रहण करता है, ऐसी अग्रनीत की जाने वाली छुट्टी के लिए छुट्टी वेतन दायित्व का उन्मोचन करेगा ।

28. कर्मचारिवृन्द के लिए निवास स्थान – (1) विश्वविद्यालय के कर्मचारी समय-समय पर शासी बोर्ड द्वारा बनाए गए नियमों के अनुसार विश्वविद्यालय के कैंपस के भीतर मकान, यदि उपलब्ध हो, के आवंटन के लिए पात्र होंगे ।

29. ज्येष्ठता सूची – (1) जब कभी परिनियमों के अनुसार, किसी व्यक्ति को ज्येष्ठता के अनुसार चुक्रानुक्रम द्वारा विश्वविद्यालय के प्राधिकरण के किसी पद को धारण करना है या उसका सदस्य होना, तब ऐसी ज्येष्ठता सूची उसकी श्रेणी में ऐसे व्यक्ति की निरंतर सेवा की अवधि के अनुसार और ऐसे अन्य सिद्धांत के अनुसार, जो शासी बोर्ड समय-समय पर विहित करे, अवधारित की जाएगी ।

(2) कार्यपालक कुलसचिव का यह दायित्व होगा कि वह ऐसे व्यक्तियेां के प्रत्येक वर्ग की बाबत जिनको इन परिनियमेां के उपबंध लागू होते हैं, उपखंड (1) के उपबंधों के अनुसार संपूर्ण और अद्यतन ज्येष्ठता सूची तैयार करे और उसे बनाए रखे ।

(3) यदि दो या अधिक व्यक्तियेां की किसी विशिष्ट ग्रेड में निंरतर सेवा की समान अवधि है या किसी व्यक्ति या व्यक्तियों की सापेक्ष ज्येष्ठता अन्यथा सन्देहास्पद है, तब कार्यपालक कुलसचिव, स्व प्रेरणा से और ऐसे किसी व्यक्ति के अनुरोध पर विषय को शासी बोर्ड को प्रस्तुत करेगा जिस पर उसका विनिश्चय अंतिम होगा ।

